शिकायत

प्रदूषण और हादसों का खतरा, पवन ने केन्द्रीय मंत्री को शिकायत भेजी

# एनटीपीसी की फ्लाई ऐश राख ने बढ़ाया प्रदूषण

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** एनटीपीसी पावर प्लांट गाडरवारा की मनमानी और नियमों की खुली अनदेखी से क्षेत्र में प्रदूषण और सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश राख का असुरक्षित और अनियमित परिवहन है। इस गंभीर विषय को लेकर भाजपा नेता पवन पटेल ने कड़ा रुख अपनाया है।

### नियमों का खुला उल्लंघन, जान जोखिम में

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, और क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी को ईमेल के माध्यम से एक विस्तृत लिखित शिकायत भेजी है। पवन पटेल ने अपनी शिकायत में बताया कि एनटीपीसी से निकलने वाली फ्लाई ऐश राख को ले जाने वाले ओवरलोड ट्रेलर, डम्पर और ट्रक रोजाना चिचली बायपास रोड से साईखेड़ा, ककरा घाट होते हुए तेंदूखेड़ा तक पूरी तरह अनियंत्रित गति से दौड़ते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन भारी वाहनों में सुरक्षा नियमों की सरेआम अनदेखी की जा रही है।



### कैप्सूल पैकिंग की बजाय साधारण तिरपाल उड़ती राख से बढ़ी बीमारियां

कई ट्रकों में अमानक (Substandard) लाइटें लगी हैं, और तेज गति तथा ओवरलोडिंग के कारण रास्ते पर चलने वाले राहगीरों, स्कूल के बच्चों और आम नागरिकों का आवागमन दूभर हो गया है। पटेल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि लापरवाही भरे परिवहन के कारण अब तक कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों और मवेशियों की जानें जा चुकी हैं। शिकायत का एक और महत्वपूर्ण बिंदु पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन है। पवन पटेल के अनुसार, फ्लाई ऐश राख के परिवहन के लिए निर्धारित कैप्सूल पैकिंग नियम का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। वाहनों में राख को कैप्सूल पैकिंग के बजाय केवल साधारण तिरपाल से ढक कर ढोया जा रहा है। रास्ते भर यह राख हवा में उड़कर पूरे क्षेत्र में फैल जाती है, जिससे गाडरवारा से तेंदूखेड़ा मार्ग के किनारे राख के ऊंचे ढेर जमा हो गए हैं। इस उड़ती राख के कारण खेतों को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। हवा में धूल के गुबार उठने से लोगों को आँखों में जलन और सांस संबंधी (Respiratory) बीमारियों की शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। पटेल ने यह भी उल्लेख किया कि एनटीपीसी द्वारा अन्य राज्यों से आए परमिट वाले वाहनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पर्यावरणीय और परिवहन नियमों का घोर उल्लंघन कर रहे हैं। इतने गंभीर उल्लंघनों के बावजूद, स्थानीय प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। भाजपा नेता की सख्त मांगें और चेतावनी पवन पटेल ने जनहित में मांग की है।

### ठेकेदारों के विरुद्ध जांच

एनटीपीसी गाडरवारा और संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। फ्लाई ऐश राख के लिए कैप्सूल पैकिंग नियम का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। ओवरलोड और अनियंत्रित वाहनों पर नियंत्रण के लिए परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा विशेष गश्त और चालानी कार्रवाई शुरू की जाए। नागरिकों को राहत देने के लिए संबंधित मार्गों पर नियमित सफाई और जल छिड़काव की व्यवस्था की जाए। भाजपा नेता पवन पटेल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस गंभीर समस्या पर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो उन्हें मजबूरन एनटीपीसी और संबंधित विभागों के खिलाफ जनहित याचिका (क्क्ष्रु) दायर करनी पड़ेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। शिकायत की प्रतियां जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई हैं।

# 69 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर गाडरवारा के रूद्र कॉलेज मैदान पर 69 वी राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु बालक/बालिका वर्ग का भव्य शुभारंभ बीते सोमवार को किया गया। विदित हो कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से हो रहे इस भव्य आयोजन में प्रदेश के रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, इंदौर संभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की बालक/बालिका वर्ग की टीमे उनके कोच के साथ सहभागिता कर रही है।

उदघाटन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती पूजन से किया गया। तदोपरांत अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, सहायक संचालक नीलम मरावी, सुश्री सीमा डोंगरे,जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, एस के मिश्रा, सुनीता पटैल,लेखा कौरव, सुशील शर्मा, बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में प्रतिवेदन वाचन डीईओ श्री नेमा ने करते हुए आयोजन से सबंधित जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में



मार्च पास्ट काबरा स्कूल व दलों ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय कन्या उ मा विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य, शासकीय हाईस्कूल सीरेगांव के विद्यार्थियों ने कालबेलिया नृत्य एवं अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों ने क्रीड़ा आधारित नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। उदबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि पिछले वर्ष नगर में राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह जी के प्रयासों से सफलता पूर्वक हुआ था। इस वर्ष भी नगर में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जो कि प्रसन्नता का विषय है। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक साधना स्थापक ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में अनुशासन एवं खेल भावना का होना बेहद जरुरी है क्योंकि यही गुण खेल एवं खिलाड़ियों को बेहतर बनाते है। पूर्व विधायक नरेश पाठक ने कहा कि सभी खिलाडी अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जितायें। कार्यक्रम को मिनेन्द्र डागा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है लेकिन सभी खिलाडी आत्मविश्वास से खेल खेलें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिश्रा ने ध्वजारोहण करते हुए प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। कायक्रम का मंच संचालन दीपक अग्निहोत्री,मनीष शंकर तिवारी एवं अंत में आभार प्रदर्शन जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन ने किया।



# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आयोजित

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 227 छात्र छात्राओं में से 219 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को कक्षा नवमी दसवीं और ग्यारहवीं बारहवीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए साल छात्रवृत्ति मिला करती है। परीक्षा संपन्न कराने में प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा अशोक रघुवंशी प्रवेश पटेल तथा समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# जूनियर राज्य कुराश प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत,गोटेगांव।** जबलपुर संभाग कुराश संघ के तत्वावधान मे एवं जितिन राज के संयोजन मे आयोजित 11वीं जूनियर राज्य कुराश चैंपियनशिप 2025 बालक बालिका प्रतियोगिता का समापन हुआ द्व प्रखर गार्डन मे समापन के दौरान परम पूज्य ब्राम्हचारी स्वामी सुबुद्धानन्दजी महाराज के आगमन ने प्रतियोगिता मे चार चाँद लगा दिए उनके साथ परमहंसी आश्रम से ब्राम्हचारी स्वामी अचलानंदजी महाराज वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाखनसिंह पटेल चौधरी विभाष जैन समाजसेवी ऋषिराज पटेल भी उपस्थित हुए द्व ब्रह्मचारी स्वामी सुबुद्धानन्दजी महाराज अपने आशीर्वचन में कहा कि इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश के सभी संभाग भोपाल, चंबल, ग्वालियर,



इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, शहडोल और उज्जैन के सभी प्रतिभागी हिस्सा लिया है उन्हें बहुत शुभकामनायें, ये हमारे नगर गोटेगाँव के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है ऐसी प्रतियोगिताओ से स्थानीय बच्चो को खेलो के प्रति रूचि बढ़ेगी. प्रतियोगिता के संयोजक जितिनराज ने बताया की इस आयोजन का मकसद ही बच्चो को खेलो के प्रति आकर्षित करना है एवं खेलो को बढ़ावा देना है और दो दिवसीय इस आयोजन मे जिस तरह से प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जिस प्रकार का खेल दिखाया वह काबिले तारीफ था. आयोजन को आरम्भ 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे किया गया और दो दिवसीय कार्यक्रम 12 अक्टूबर को समापन रहा, आयोजन समिति के समस्त रेफरी एवं अम्पायर का आयोजन समिति धन्यवाद देता है द्व समापन कार्यक्रम मे अतिथियों के सम्बोधन के पश्चात पुरस्कार वितरण किये गए वही जानकारी देते हुए आयोजन समिति ने बताया की प्रतियोगिता मे इंदौर ने प्रथम एवं दतिया जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, 33 किलोग्राम वर्ग में चाहत पटवा में गोल्ड मेडल, चारु ने सिल्वर मेडल और नव्या रजक वह गुंजन नागर ने काँस्य पदक जीता, इसी प्रकार 52 किलो ग्राम वर्ग प्रांजल विश्वकर्मा ने गोल्ड सुहानी शर्मा ने रजत एवं जानवी राजावत और स्वाति वंशकार ने काँस्य पदक जीता, इसी तरह आयोजन मे समिति के विभोर बबेले, विवेक स्वामी राहुल व्यास, विक्रमसिंह दांगी समेत मध्य प्रदेश कुराश संघ एवं जबलपुर संभाग कुराश संघ के सभी सदस्य सहित खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।




# गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि का अयोजन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** हिंदी फिल्म जगत की अमिट छवि मध्य प्रदेश के खंडवा जिले की शान महान गायक एवं अभिनेता जिन्होंने अपनी गायकी से लोगों के दिलों पर राज किया ऐसे महान लीजेंडरी गायक स्वर्गीय किशोर कुमार जी की पुण्यतिथि पर नरसिह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल ग्रुप के द्वारा उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा स्वर्गीय किशोर कुमार जी के गानों को गाकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की गई नरसिंहपुर के इस नरसिंह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल ग्रुप के द्वारा समय-समय पर देश के महान गायको को अपने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है साथ ही साथ संगीत में रुचि रखने वाले लोगों को भी अपने गीतों को गाने का अवसर प्राप्त होता है।

## एक नजर में

### माता-पिता सम्मान समारोह 21 को

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** श्रद्धा संस्कार का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में आर्यिका सिद्धांत मति माता जी पुनीत मति माता जी तथा विनयमति माता जी के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव के पावन अवसर पर चिन्मय सागर सभागार में यह आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के अवसर पर बहुत से छात्र छात्राएं जो विभिन्न सेवाओं में पदस्थ हैं। घर वापस आयेंगे। उनके द्वारा अपने माता-पिता जिन्होंने बच्चों को इस लायक बनाया उनके द्वारा समारोह पूर्वक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### पिच्छिका परिवर्तन समारोह 23 को

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा में वर्षायोग के दौरान विराजमान आर्यिका सिद्धांत मति माता जी पुनीत मति माता जी एवं विनय मति माता जी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आगामी 23 अक्टूबर को दोपहर साढ़े बारह बजे से कलश गार्डन परिसर में आयोजित किया गया है इस मौके पर वाणी भूषण विनय भैया पं कमल शास्त्री प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

### विकासखंड स्तर पर आज से 29 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे शिविर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** सुरक्षा जवान/ सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए जिले में विकासखंड स्तरीय पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये पंजीयन शिविर 14 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2025 तक प्रात- 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक लगाए जाएंगे। सुरक्षा जवान के 500 पदों की भर्ती के लिए आवेदक की आयु 19 से 45 वर्ष, योग्यता 5 वीं से स्नातक, ऊंचाई 165 सेमी., चेस्ट 80-85 एवं वजन 50 किलाग्राम होना आवश्यक है। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि 14 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेली, 15 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चीचली, 16 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांईखेड़ा, 27 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोटेगांव, 28 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा और 29 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा कि वे अपने विकासखण्ड स्तर पर तिथि अनुसार जनपद पंचायत भवन में रोजगार पंजीयन शिविर/ प्लेस्मेंट ड्राइव के लिए प्रचार- प्रसार कर आवश्यक सहयोग करें।

### कक्षा 9 वीं और कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी के प्राचार्य ने बताया कि पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा 9 वीं और कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 नियत की गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.nic.in/w®wz/nvsi&_~ और कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी कक्षा 11 वीं में प्रवेश लेने के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.nic.in/w®wz/nvsi&_11 पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# मंदिर के पास लगा कचरे का ढेर

**नवभारत,गोटेगांव।** स्थानीय जनपद पंचायत प्रांगण में प्राचीन पेड़ के नीचे शिवलिंग स्थापित है इस चबूतरे के पास यहां पर स्थापित शिवलिंग की पूजन अर्चन करने के लिए रोजाना महिलाएं एवं भक्तगण आते हैं लेकिन यहां पर कचरे की ढेर का अंबार लगा हुआ है लेकिन यहां पर लगे कचरे के ढेर को उठाने की दशा में सफाई करवाने हेतु जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यहां पर आने वाली महिलाओं एवं शिव भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां पर पूजन करने आने वाले शिव भक्तों ने बताया कि सामने बनी होटलों दुकानदारों के कर्मचारीयों द्वारा यहां पर कचरा फेंका जाता है जिससे शिव चबूतरे के आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है यहां पूजन करने आए भक्तों द्वारा सफाई करने के साथ-साथ यहां शिव मंदिर चबूतरे के पास कचरा फेंकने वालों पर उचित कार्यवाही की मांग की है।



# भारत पोलियो मुक्त हमारा गर्व ,हमारी जिम्मेदारी

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत 13 वर्षों से भारत पूर्णत: पोलियो-मुक्त है। यह हम सबके लिए गर्व और प्रसन्नता की बात है कि पिछले एक वर्ष में देश में कोई नया पोलियो केस नहीं पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा पोलियो मुक्त भारत का सपना साकार करने हेतु इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। जो बच्चे किसी कारणवश बूथ पर दवा नहीं ले पाए हैं, उन्हें डोर-टू-डोर (घर-घर) जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी।नगर के 15 वार्डों में पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसी क्रम में बजरंग वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में बने पोलियो बूथ पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्रीमती माया बिहारी चांदोरिया द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

# झांसीघाट में होगी प्रतिदिन साय आरती

**नवभारत,गोटेगांव।** स्थित धार्मिक एवं सामाजिक संगठन मां मेकलसुता ग्रुप झांसीघाट पिछले तीन वर्षों से निरंतर प्रत्येक पूर्णिमा पर मां नर्मदा जी की भव्य महाआरती का आयोजन करते आ रहा है। इस आरती में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु नर्मदा तट पर एकत्र होकर भक्ति और श्रद्धा के साथ सहभागिता करते हैं। ग्रुप द्वारा हर वर्ष नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है।

जो अब गोटेगांव नगर की एक विशेष पहचान और परंपरा बन चुकी है। नर्मदा तट झांसीघाट पर आरती के समय वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठता है, और दीपों की लौ से पूरा घाट आलोकित हो जाता है। इसी कड़ी में मां मेकलसुता ग्रुप के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक विशेष बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अब 1 अक्टूबर 2025 से प्रतिदिन




नियमित रूप से मां नर्मदा मैयाजी की सायं आरती का आयोजन किया जाएगा। यह पवित्र संकल्प 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है, और तब से प्रतिदिन सायं बेला में भक्तिभाव के साथ नर्मदा तट पर आरती का आयोजन किया जा रहा है। इस आरती का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में आस्था, एकता, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना भी है। पदाधिकारियों का कहना है कि यह आरती नर्मदा मैया के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी भक्ति और संस्कारों की प्रेरणा देती रहेगी। मां मेकलसुता ग्रुप झांसीघाट सभी श्रद्धालु भक्तगणों, नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी जनों से सादर अनुरोध करता है कि वे इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर मां नर्मदा जी की प्रतिदिन की आरती में सहभागी बनें और अपने परिवार सहित इस भक्ति

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकला पथ संचलन

## पथ संचलन के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ

**नवभारत,गाडरवारा।** संघ स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गाडरवारा नगर की झंडा चौक बस्ती के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला, गणवेश पर सभी स्वयंसेवकों बल्लभ भवन मार्केट के परिसर में एकत्रित होकर नगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर वापिस बल्लभ भवन पहुंचे, जहां मंचीय कार्यक्रम में आज के मुख्य वक्ता डॉ प्रहलाद पटेल विभाग कार्यवाह जबलपुर एवं श्री सिद्धार्थ जैन नगर कार्यवाह द्वारा सर्वप्रथम शस्त्र पूजन किया, उसके बाद मुख्य वक्ता डॉ प्रहलाद पटेल* ने अपने उद्बोधन में बताया कि किन परिस्थितियों में आज से 100 वर्ष पूर्व अश्विन शुक्ल दशमी 27 सितंबर 1925 को मोहते के बाड़े नागपुर में प पूज्य डॉ हेडगेवार जी ने संघ कार्य प्रारंभ किया, देश गुलाम था तथा हिंदुओ में निराशा थी, क्रांतिकारियों दल और राजनैतिक दल के नेतृत्व के साथ मिलकर डॉ साहब देश की



आजादी के संघर्ष में लगे थे और अनेक बार जेल की सजा काटकर लौटे, भारत आगे कभी किसी का गुलाम न हो और आजादी जल्द से जल्द प्राप्त हो इसलिए जिम्मेदार राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्र प्रथम मानकर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को तैयार करने संघ की शाखा प्रारंभ की शुरुआत में कुछ लोगो ने उपेक्षा की, सत्ता में बैठे लोगो ने झूठे आरोप लगाकर प्रतिबंध लगाकर कुचलने का प्रयास किया परंतु सभी स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से समाज ने जैसा रखा स्वीकार कर अपने ध्येय में लगे रहे, अनेक युद्ध कश्मीर पर कबाइली हमला, 1962, 1965, 1971 के युद्ध में सेना का सहयोग किया जिससे 1963 के 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर संघ की गणवेश में राजपथ पर नेहरू जी के आमंत्रण पर सहभागिता कर संचलन किया, राममंदिर का आंदोलन, धारा 370 समाप्त की देश में 150000 लाख से अधिक सेवा प्रकल्प के द्वारा समाज के वंचित वर्ग को सहयोग किया जा रहा है।

### भेदभाव समाप्त

आज समाज संघ पर श्रद्धा और विश्वास करता है, स्वतंत्रता का 75 वर्ष पर देश अमृत महोत्सव माना रहा है दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है अब समाज को भी जिम्मेदार बनाना होगा, इसलिए समाज से पांच परिवर्तन को आचरण और व्यवहार में स्वीकार करना होगा, हम सभी को नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात नियमो का पालन, स्वदेशी अर्थात स्वभाषा, स्वभूषा, स्वभवन, स्वभोजन, स्वभ्रमण, स्वभजन को अपनाना,कुटुंब प्रबोधन परिवार रचना को ठीक करना,पर्यावरण अर्थात पानी का सद उपयोग, वृक्षारोपण पेड़ पौधा लगाना और उनकी संभाल करना तथा सामाजिक समरसता का व्यवहार करना जाति के आधार पर भेदभाव समाप्त कर सभी संगठित होकर रहना।



# वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

**नवभारत,करेली।** ग्रेस लैंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित बी.एस.एल. पब्लिक स्कूल, करेली में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि अरविंद वर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ साथ में विशिष्ट अतिथि प्रमेन्द्र सिंह जाट विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, नितिन नारोलिया, जनशिक्षक, मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा खेल मशाल प्रज्वलित कर खेल उत्सव का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अरविंद वर्मा ने उद्बोधन में खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। ये अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। हर विद्यार्थी को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए ताकि जीवन में स्वस्थ शरीर और सकारात्मक दृष्टिकोण बना रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक चेतन लूनावत, प्राचार्य मिथिलेश राजौरिया, समस्त शिक्षकों, विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही।